हम आरती करने आए हैं

ज़रा बँसी बजा दो मनमोहन,
हम आरती करने आए हैं॥

मेरे हाथ में अगर कपूर बाती ,
हम ज्योत जगाने आए हैं।
ज़रा दरस दिखा दो गजानना,
हम आरती करने आए हैं।

मेरे हाथ में पान फूल मेवा है,
हम भोग लगाने आए हैं।
ज़रा बँसी बजा दो मनमोहन,
हम आरती करने आए हैं।

ज़रा डमरू बजा दो शिव शँकर,
हम आरती करने आए हैं॥

मेरे हाथ में जल का लोटा है,
हम तुम्हे चढ़ाने आए हैं।
ज़रा शँख बजा दो नारायण,
हम आरती करने आए हैं।

ज़रा शँख बजा दो नारायण,
हम आरती करने आए हैं।
ज़रा वीणा बजा दो शारदे माँ,
हम आरती करने आए हैं।

मेरे हाथ में श्वेत कमल दल है,
हम तुम्हे चढ़ाने आए हैं।
ज़रा बँसी बजा दो मनमोहन,
हम आरती करने आए हैं।

ज़रा दरस दिखा दो जगदम्बा,
हम आरती करने आए हैं॥

मेरे हाथ में लाल चुनरिया है,
हम तुम्हे चढ़ाने आए हैं।
ज़रा शँख बजा दो नारायण,
हम आरती करने आए हैं।

ज़रा चुटकी बजा दो हनुमन्त लल्ला,
हम आरती करने आए हैं।

मेरे हाथ में सिन्दूर रौली है,
हम तुम्हे चढ़ाने आए हैं।
ज़रा बँसी बजा दो मनमोहन,
हम आरती करने आए हैं।

ज़रा डमरू बजा दो शिव शँकर,
हम आरती करने आए हैं।
ज़रा दरस दिखा दो जगदम्बा,
हम आरती करने आए हैं।
हम आरती करने आए हैं॥
अपलोड करता- अनिल रामूर्ति भोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8124/title/hum-arati-karne-aaye-hai-jra-bansi-bja-do-manmohan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |